# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 02.10.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर" अमर उजाला,दैनिक जागरण, हिंदुस्तान ,," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला –दि0 02.10.2025

## ट्रांसपोर्ट नगर योजना में बनाया जाएगा तीन स्टेजिंग टैंक

**वाराणसी।** ट्रांसपोर्ट नगर योजना में तीन स्टेजिंग टैंक का निर्माण होगा। इसमें दो टैंक फ्रेश वाटर और एक टैंक ट्रीटेड वाटर के लिए बनाया जाएगा। 500 किलोलीटर की क्षमता वाले टैंक की ऊंचाई 20 मीटर होगी। इसे पाइपलाइन के माध्यम से जोड़ा जाएगा। इस काम को आईआईटी बीएचयू के एक्सपर्ट की सलाह पर वीडीए करा रहा है। वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा के अनुसार ट्रांसपोर्ट नगर योजना में चार गांव शामिल हैं। कर्नाडाड़ी, मिल्कीचक, सराय मोहन और बैरवन। पहले चरण के तहत लगभग 48.07 हेक्टेयर भूमि का कायाकल्प करना है। सार्वजनिक परिवहन के लिए एक बस स्टेशन होगा। पार्किंग की सुविधाएं होंगी। व्यावसायिक स्थान जैसे धर्मकांटा, गैरेज, बॉडी शॉप और वेयरहाउस होंगे। ट्रांसपोर्ट सिटी योजना क्षेत्र में परिवहन और वाणिज्यिक गतिविधियों के सुचारू संचालन की सुविधा प्रदान की जाएगी। यहां जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। ब्यूरो

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


दैनिक जागरण –दि0 02.10.2025

## अवैध प्लाटिंग पर वीडीए ने लगाया नोटिस बोर्ड

पिंडरा : रघुनाथपुर में ग्रामसभा की दो बीघे जमीन को अवैध ढंग से कब्जे में लेकर पूरे 20 बीघे में प्लाटिंग की जा रही है। बार-बार नोटिस देने के बाद भी अवैध प्लाटिंग रुक नहीं रही है। अब उक्त स्थल पर नोटिस बोर्ड भी लगा दिया गया। वीडीए के जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा ने बताया कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करनी थी, लेकिन पुलिस बल की अनुपलब्धता के कारण नोटिस बोर्ड लगाते हुए हिदायत दी गई है कि इसकी खरीद-बिक्री अवैध है। (जासं)

हिन्दुस्तान –दि0 02.10.2025

## अवैध प्लॉटिंग पर लगाया नोटिस बोर्ड

पिंडरा। रघुनाथपुर में अवैध ढंग से ग्रामसभा की दो बीघे जमीन को कब्जे में लेकर 20 बीघे में अवैध प्लॉटिंग की जा रही है। मंगलवार को वीडीए ने उक्त अवैध स्थल पर नोटिस बोर्ड लगा दिया है।